हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार 21 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 29 .9 डिग्री
न्यूनतम 8 .5 डिग्री

11 ज्ञान परीक्षा में छात्रा आरती का उत्कृष्ट प्रदर्शन



12 जौनपुर में प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दिया



## खबर संक्षेप

### उमेदगढ़ स्कूल का ताला तोड़कर सामान चोरी

**सोनीपत।** उमेदगढ़ स्थित प्राथमिक पाठशाला में चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की हैं। स्कूल के मुख्य अध्यापक ने मामले की शिकायत थाना मुरथल पुलिस को दी है। मुख्य अध्यापक सुरेंद्र ने बताया कि जब वह सुबह स्कूल पहुंचे तो कार्यालय के ताले टूटे हुए मिले। कमरों की जांच करने पर डीवीआर, एलईडी और स्पीकर चोरी पाए गए। इसके अलावा चोर स्कूल की रसोई से गैस सिलेंडर एक चूल्हा तथा करीब दो क्विंटल गेहूं और चावल भी ले गए। घटना की सूचना मुख्य अध्यापक ने डायल-112 पर काल कर पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं, जटवाड़ा में किराये पर रह रही चिटाना की चारू की स्कूटी मोहल्ला कलां से चोरी हो गई। चारू अपने मायके आई हुई थी। उसने अपने स्तर पर स्कूटी की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका।

### चरस तस्करी का चौथा आरोपी पकड़ा

**सोनीपत।** जिले की क्राइम यूनिट कुंडली की पुलिस टीम ने मादक पदार्थ तस्करी के एक मामले में संलिप्त चौथे आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित भागचंद निवासी कास्ता, पतली कुली हिमाचल प्रदेश का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार 13 फरवरी 2026 को सूचना के आधार पर नहर पुल भठगांव रोड पर नाकाबंदी कर तीन व्यक्तियों को चरस सहित गिरफ्तार किया गया था। तलाशी के दौरान 1 किलो 46 ग्राम और 116 ग्राम चरस बरामद की गई थी। इस मामले में थाना सदर सोनीपत में मादक द्रव्य पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज किया गया था। अब इस मामले में पुलिस ने चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### नाबालिग से छेड़छाड़ करने का आरोपी काबू

**सोनीपत।** थाना मुरथल की पुलिस ने नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी की घटना में संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अजय निवासी रेवली जिला सोनीपत का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार 5 फरवरी 2025 को पीड़िता की माता ने थाना मुरथल में शिकायत दी थी कि उनकी नाबालिग बेटी के साथ छेड़खानी की गई। इस पर भारतीय न्याय संहिता और पोक्सो अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया था। अनुसंधान टीम की महिला उप निरीक्षक बबली के नेतृत्व में पीड़िता का मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराया गया और महिला विशेषज्ञ व लीगल एड के माध्यम से काउंसलिंग करवाई गई। इसके बाद कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार किया गया। आरोपित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

कुंडली में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 4 युवतियां और 16 युवक गिरफ्तार

# माइक्रोसॉफ्ट के कर्मचारी बनकर अमेरिकी नागरिकों से करते थे ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

*आरोपित एप के जरिये यूएस के नागरिकों को कॉल कर उनके डिवाइस में वायरस होने का भय दिखाते थे और उन्हें थर्ड पार्टी एप डाउनलोड करवाकर उनके डिवाइस का एक्सेस हासिल कर लेते थे। उनकी बैंक और अन्य निजी जानकारी कॉल सेंटर मालिक को भेज देते थे*

जिले के कुंडली औद्योगिक क्षेत्र में वीरवार देर रात सीएम फ्लाइंग और सीआईए स्टाफ की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अवैध कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया। फैक्ट्री नंबर-394 में चल रहे इस कॉल सेंटर पर छापेमारी कर टीम ने मौके से 16 युवक और 4 युवतियों को गिरफ्तार किया। सभी पर खुद को माइक्रोसॉफ्ट का कर्मचारी बताकर अमेरिका के नागरिकों से टेक्निकल सपोर्ट के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने का आरोप है।

पुलिस के अनुसार सीएम फ्लाइंग की टीम को सूचना मिली थी कि कुंडली स्थित फैक्ट्री में विदेशी नागरिकों को ठगने के उद्देश्य से अवैध कॉल सेंटर संचालित किया जा रहा है। सूचना के आधार पर सीएम फ्लाइंग और सीआईए स्टाफ की टीम ने संयुक्त रूप से छापा मारा।

छापेमारी के दौरान युवक-युवतियां लैपटॉप और हेडफोन के माध्यम से अंग्रेजी में बातचीत करते पाए गए, लेकिन कॉल सेंटर संचालन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस अधिकारी आरोपियों से पूछताछ कर रहे है।



### मास्टर माइंड दिल्ली के जनकपुरी के रहने वाला, तलाश में जुटी पुलिस

पूछताछ में खुद को सुपरवाइजर बताने वाले अक्षय अरोड़ा ने बताया कि कॉल सेंटर का असली संचालक जनकपुरी दिल्ली निवासी आशीष गाबा है। आरोपित एप के जरिए अमेरिकी नागरिकों को कॉल कर उनके डिवाइस में वायरस होने का भय दिखाते थे और उन्हें थर्ड पार्टी एप डाउनलोड करवाकर उनके डिवाइस का एक्सेस हासिल कर लेते थे। इसके बाद उनकी बैंक और अन्य निजी जानकारी मालिक को भेजी जाती थी।

### 45 हजार वेतन व तीन से पांच प्रतिश कमीशन मिलता था

कॉल सेंटर कर्मचारियों को 45 हजार रुपये तक वेतन और तीन से पांच प्रतिशत कमीशन दिया जाता था। पुलिस ने मौके से 26 लैपटॉप, तीन मोबाइल फोन, 19 हेडफोन सहित अन्य उपकरण बरामद किए हैं। थाना कुंडली में संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। सभी गिरफ्तार आरोपितों को शुक्रवार दोपहर बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

**ठगों का अड्डा बन रहा शहर :** पुलिस ने जांच-पड़ताल अभियान तेज किया, दस्तावेज जांचे जा रहे

# पिछले साल ग्रोव सोसायटी में पकड़ा गया था फर्जी सेंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

कुंडली औद्योगिक क्षेत्र में फर्जी कॉल सेंटर के भंडाफोड़ का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी इस क्षेत्र में ऐसे कई गिरोह सक्रिय पाए जा चुके हैं, जो विदेशी नागरिकों को निशाना बनाकर साइबर ठगी को अंजाम देते थे। पिछले वर्ष 12 मार्च को पुलिस ने कुंडली की ग्रोव सोसायटी में संचालित एक फर्जी कॉल सेंटर का पर्दाफाश किया था, जहां से खुद को बैंक और एपल कस्टमर सपोर्ट का कर्मचारी बताकर अमेरिकी नागरिकों से ठगी की जा रही थी।

### एसआईपी एप से धोखाधड़ी

हालिया मामले में सीएम फ्लाइंग और सीआईए स्टाफ की संयुक्त टीम को सूचना मिली थी कि कुंडली इंडस्ट्रियल एरिया स्थित फैक्टरी नंबर-394 में अवैध रूप से कॉल सेंटर संचालित हो रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने साइबर सेल के अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से छापा मारा, जहां कॉल सेंटरनुमा कार्यालय में करीब 20 लोग लैपटॉप पर काम करते मिले। पूछताछ में सामने आया कि वे टोल फ्री नंबर और एसआईपी आधारित एप के जरिए अमेरिका के नागरिकों को कॉल करते थे और खुद को माइक्रोसॉफ्ट का कर्मचारी बताकर उनके सिस्टम में वायरस या तकनीकी समस्या होने का डर दिखाते थे।

### ऐसे करते थे ठगी

जांच में यह भी खुलासा हुआ कि कॉल करने के बाद आरोपित रिमोट एक्सेस एप इंस्टॉल करवाकर पीड़ितों के डिवाइस का नियंत्रण अपने हाथ में ले लेते थे और फर्जी स्कैनिंग दिखाकर ईमेल आईडी, बैंक खाता विवरण, पासवर्ड सहित संवेदनशील जानकारी हासिल कर लेते थे। यह डाटा कॉल सेंटर के संचालक को भेजा जाता था, जिसके बदले कर्मियों को वेतन और कमीशन दिया जाता था।

### फैक्ट्री में चल रहा था, किसी प्रकार का दस्तावेज नहीं मिला

छापेमारी के दौरान टीम ने कॉल सेंटर संचालन से जुड़े किसी भी प्रकार के वैध दस्तावेज जैसे दूरसंचार लाइसेंस, कंपनी रजिस्ट्रेशन, भुगतान माध्यम और डेटा स्रोत से संबंधित कागजात मांगे, लेकिन मौके पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। यह कॉल सेंटर सेक्टर-57, फेज-4 स्थित फैक्टरी यूनिट नंबर-394 के प्रथम तल पर किराये की बिल्डिंग में चल रहा था। इकाई के स्वामित्व और किराये पर देने से संबंधित जानकारी एचएसआईआईडीसी को नहीं दी गई थी, जो नियमों का उल्लंघन माना जा रहा है। विभागीय स्तर पर इस मामले में भी कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है। पुलिस ने इस मामले में विभिन्न स्थानों से आए युवक-युवतियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और नागालैंड के निवासी शामिल हैं। सभी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि मामले की गहन जांच जारी है।

# त्रिपुरा सुंदरी, अवध-असम व अंडमान एक्सप्रेस का दो दिन सोनीपत के रास्ते होगा परिचालन

■ बहादुरगढ़-घेवरा स्टेशन के बीच रेल लाइन पर पुल निर्माण के चलते दिल्ली-रोहतक रेल मार्ग दो दिन रहेगा बाधित

**सोनीपत।** उत्तर रेलवे ने दिल्ली रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले बहादुरगढ़-घेवरा स्टेशन के बीच रेल लाइन पर पुल संख्या 55 पर आरसीसी स्लैब का निर्माण करवाने के लिए बिजली व यातायात ब्लॉक लिया है। ऐसे में रेलवे ने नई दिल्ली से रोहतक, जींद, नरवाना, जाखल रूट पर चलने वाली लंबी दूरी की 13 एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन रद्द किया है। इनमें से 11 ट्रेनों का 28 फरवरी व 2 एक्सप्रेस ट्रेनों का 27 फरवरी को परिचालन रद्द रहेगा। इसके अलावा 5 एक्सप्रेस ट्रेनों को बीच मार्ग के स्टेशनों तक चलाया जाएगा, जबकि 3 लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनों का 26 व 27 फरवरी को गोहाना, सोनीपत, नई दिल्ली के रास्ते परिचालन किया जाएगा। इन स्टेशनों पर ट्रेनों का ठहराव होने से यात्रियों को लाभ मिलेगा।अधिकारियों ने बताया कि अग्रतला से फिरोजपुर कैंट रूट पर चलने वाली ट्रेन संख्या 14619 त्रिपुरा सुंदरी एक्सप्रेस का 26 फरवरी को नई दिल्ली से सोनीपत, गोहाना, जींद व बठिंडा होते हुए फिरोजपुर तक परिचालन किया जाएगा। इसी दिन यह ट्रेन शकूरबस्ती, रोहतक, भिवानी सिटी, हिसार, जाखोड़ खेड़ा, मंडी आदमपुर, सिरसा व कालांवाली स्टेशन पर रद्द रहेगी। वहीं डिब्रूगढ़ से लालगढ़ तक चलने वाली ट्रेन संख्या 15909 अवध-असम एक्सप्रेस का 26 फरवरी को मार्ग परिवर्तन के साथ दिल्ली, सोनीपत, गोहाना, जींद जंक्शन के रास्ते परिचालन किया जाएगा। इस दिन यह ट्रेन दिल्ली किशनगंज, शकूरबस्ती, नांगलोई, बहादुरगढ़, रोहतक जंक्शन पर रद्द रहेगी। इसके अलावा श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा जंक्शन से पुरैची थलाइवर डॉ. एमजीआर. सीटीएल चेन्नई जाने वाली ट्रेन संख्या 16032 अंडमान एक्सप्रेस 27 फरवरी को मार्ग परिवर्तन के साथ जींद, गोहाना, सोनीपत, नई दिल्ली के रास्ते अपने गंतव्य को रवाना होगी।



### नई दिल्ली-रोहतक रूट पर नहीं चलेगी

रेलवे ने बहादुरगढ़-घेवरा स्टेशन के बीच रेल लाइन पर पुल निर्माण के चलते दो दिन का यातायात व बिजली ब्लॉक लिया है। नई दिल्ली-रोहतक रूट पर दो दिन कई एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन रद्द रहेगा। साथ ही तीन एक्सप्रेस ट्रेनों का 26 व 27 फरवरी को सोनीपत, गोहाना, जींद के रास्ते परिचालन किया जाएगा।
**-हिमांशु शेखर** उपाध्याय, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर रेलवे

# लाठी-डंडों व तलवार से हमला करने के आरोपी गिरफ्तार

■ पुलिस ने एक आरोपी को रिमांड पर लिया

**सोनीपत।** थाना सदर सोनीपत की पुलिस ने लाठी, डंडों, तलवार और बर्फ तोड़ने वाले सुए से गंभीर चोटें मारने की घटना में संलिप्त दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अनिल और मोहित निवासी भटगांव जिला सोनीपत के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार 29 जनवरी 2026 को जसबीर पुत्र प्रदीप निवासी भटगांव ने शिकायत दी थी कि 28 जनवरी को उसे खेत में बुलाकर कई व्यक्तियों ने सामूहिक रूप से हमला किया, जिससे उसकी दोनों टांगें और एक हाथ टूट गया तथा सिर पर तलवार से वार किया गया। इस संबंध में थाना सदर सोनीपत में भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया था। अनुसंधान के दौरान उप निरीक्षक नीरज के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया। उन्हें न्यायालय में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस अन्य संलिप्त व्यक्तियों की तलाश कर रही है।

# स्टेशन के टिकट बुकिंग कार्यालय के हॉल में मिला व्यक्ति का शव

■ उम्र करीब 52 साल, व्यक्ति की नहीं हो पाई शिनाख्त

**सोनीपत।** सोनीपत स्टेशन के टिकट बुकिंग कार्यालय के हॉल में शुक्रवार सुबह करीब 52 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला। मामले की सूचना यात्रियों ने राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आसपास मौजूद लोगों से शव बारे में पूछताछ की, लेकिन मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई। जांच अधिकारी विकास ने बताया कि मृतक के शरीर पर किसी प्रकार की चोट के निशान नहीं मिले हैं। न ही पहचान के लिए किसी प्रकार का पहचान पत्र नहीं मिला है। शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। मृतक के शरीर पर सफेद व लाल रंग की शर्ट, सफेद इनर व काले रंग की पेंट मिली है। पुलिस को प्रारंभिक जांच में व्यक्ति की मौत प्राकृतिक लग रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शव विच्छेदन गृह में रखवा दिया।

# ओल्ड हाउसिंग बोर्ड व चावला कॉलोनी की सड़कों की होगी मरम्मत

**नगर निगम ने शुरू की टेंडर प्रक्रिया, 71.92 लाख रुपये खर्च होंगे**

**सोनीपत।** नगर निगम की ओर से शहर की दो कॉलोनियों की खस्ताहाल उबड़-खाबड़ गलियों का करीब 71.92 लाख रुपये से पुनर्निर्माण करवाया जाएगा। इसके लिए निगम की ओर से टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। टेंडर प्रक्रिया बाद निगम ने गलियों का पुनर्निर्माण करवाने का लक्ष्य रखा है। शहर की ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी व चावला कॉलोनी की गलियों ने ज्यादा गड्ढे होने के कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गलियों के सुधार को लेकर लोग विधायक निखिल मदान व तत्कालीन मेयर राजीव जैन से गुहार लगा चुके हैं।लोगों ने बताया कि ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी व चावला कॉलोनी में काफी समय से गलियों की खस्ताहालत हो चुकी है। ज्यादा गड्ढे होने के कारण बारिश के दौरान गलियों जलभराव की स्थिति बनी रहती है। वाहन चालकों को हर समय दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता है। राहगीरों को भी गड्ढों में चलने में परेशानी झेलनी पड़ रही है। इससे पहले हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में 7 जनवरी को हरिशरणम पार्क के पास की विभिन्न गलियों को सीसी व इंटरलॉकिंग टाइल्स से पक्का करवाने का कार्य शुरू किया गया था। कॉलोनी में चल रहे कार्य पर 88 लाख रुपये की राशि खर्च की जा रही है।



पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर एनएच-44 पर अतिक्रमण हटवाए

अतिक्रमण के कारण जाम में फंस जाते थे वाहन चालक, हादसे भी बढ़ा रहे थे परेशानी

# केएमपी-केजीपी जीरो पॉइंट से लेकर बीसवां मील चौक तक सर्विस लेन से हटवाए खोखे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

■ पुलिस आयुक्त के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस ने चलाया अभियान

शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु और सुरक्षित बनाने के लिए सोनीपत यातायात पुलिस ने नेशनल हाईवे-44 पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। यह अभियान पुलिस आयुक्त ममता सिंह के निर्देश और पुलिस उपायुक्त यातायात नरेंद्र कादयान के मार्गदर्शन में केएमपी-केजीपी जीरो पॉइंट से लेकर बीसवां मील चौक तक चलाया गया, जिसमें सर्विस रोड को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने सर्विस रोड पर लगाए गए अस्थायी ठेले, खोखे, अवैध रूप से खड़े वाहनों और अन्य बाधाओं को हटवाया। लंबे समय से सर्विस रोड पर अतिक्रमण के कारण जाम की स्थिति बनी रहती थी और दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती थी। कार्रवाई के बाद सड़क पर यातायात प्रवाह सुगम हुआ और स्थानीय लोगों व वाहन चालकों को राहत मिली। वाहन चालकों ने कहा कि सर्विस लेन में अतिक्रमण के कारण जाम लग जाता था, जिससे हादसों का भी खतरा बढ़ रहा था।



**सोनीपत।** हाईवे की सर्विस लेन से अतिक्रमण हटवाते हुए पुलिस कर्मी।

### सड़क किनारे वाहन खड़ा करने वालों पर भी कार्रवाई

यातायात पुलिस अधिकारियों ने मौके पर मौजूद दुकानदारों और वाहन चालकों को नियमों की जानकारी देते हुए चेतावनी दी कि भविष्य में सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण नहीं किया जाए। पुलिस उपायुक्त नरेंद्र कादयान ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन और अवैध अतिक्रमण किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सड़क किनारे अवैध रूप से सामान या वाहन खड़ा न करें। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हाईवे और सर्विस रोड पर अतिक्रमण से न केवल यातायात बाधित होता है, बल्कि यह गंभीर दुर्घटनाओं का कारण भी बन सकता है। इसी को देखते हुए यातायात पुलिस ने यह अभियान चलाया और आगे भी ऐसे अभियान निरंतर जारी रखने की योजना है।

नागरिक अस्पताल में हड्डी रोगों के लिए एक और चिकित्सक नियुक्त

# अब रोज लगेंगी ओपीडी, पिछले दस दिन से मरीज बिना इलाज के वापस लौट रहे थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

डॉ. विश्वास डबास स्थायी तौर पर संभालेंगे सुबह की ओपीडी, मरीजों को इलाज के लिए नहीं करना पड़ेगा इंतजार


दिल्ली रोड स्थित नागरिक अस्पताल में हड्डी संबंधी रोगों का इलाज करवाने के लिए आने वाले मरीजों को अब अपनी बारी का ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इससे पहले अपनी सेवाएं दे रहे चिकित्सक करीब 10 दिन से ऑपरेशन व जांच शिविर में ड्यूटी के चलते सप्ताह में केवल दो ही दिन ओपीडी लगा पाए हैं।

### डॉक्टर न होने से दो दिन लग रही थी ओपीडी

इससे हड्डी संबंधी उपचार के लिए अस्पताल आने वाले मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ रही थी। ऐसे में अस्पताल में शुक्रवार को एक और हड्डी विशेषज्ञ ने ओपीडी शुरू कर दी है। नागरिक अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक मलिक ने जनवरी 2025 में नौकरी छोड़ दी थी। उनका चयन दिल्ली स्वास्थ्य विभाग में हो गया था। इसके बाद से सुबह के समय हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विपिन दलाल ओपीडी संभालते आ रहे हैं, लेकिन अब डॉ. विपिन दलाल 10 दिन से सप्ताह में दो दिन ओपीडी लगा रहे हैं। दो दिन ऑपरेशन थियेटर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

इसके अलावा जहा हर बुधवार को दिव्यांगता जांच शिविर में उनकी ड्यूटी लगाई गई तो वहीं शनिवार को कारागार में बंदियों व कैदियों का इलाज कर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे में अस्पताल आने वाले मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ रही थी। उच्च अधिकारियों ने मरीजों की परेशानी को देखते हुए सुबह की ओपीडी के लिए स्थायी तौर पर डॉ. विश्वास डबास की नियुक्ति की है। उनकी इस नियुक्त से मरीजों को आस है कि अब रोजाना सुबह की ओपीडी लग सकेगी, साथ ही हड्डी संबंधी रोगियों को अपना इलाज करवाने में सुविधा होगी। अब तक कई दिन से मरीजों को इलाज करवाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

कई बार चिकित्सक के ओपीडी में न होने के कारण मरीजों को बिना इलाज वापस लौटना पड़ रहा था। वहीं शाम के समय निजी चिकित्सक डॉ. संदीप बिरजानिया अस्पताल में 4 से 6 बजे तक अपनी सेवाएं दे रहे हैं।




# बॉबी की फिल्म 'बंदर' की रिलीज डेट अनाउंस

**मुंबई।** अनुराग कश्यप के डायरेक्शन में बनी बॉबी देओल स्टारर फिल्म बंदर का आज मेकर्स ने नया पोस्टर रिलीज कर दिया है। इसके साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी गई है। बॉबी फिल्म एनिमल के बाद से ही चर्चा में है। इस फिल्म में वह अबरार के रोल में दिखे थे और उन्होंने अपने इस किरदार से तहलका मचा दिया। वहीं, इसके बाद अब वह फिर से धांसू रोल में नजर आने वाले हैं। दरअसल, बॉबी फिल्म बंदर : मंकी इन ए केज में नजर आएंगे। दरअसल, अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी बॉबी, सान्या मल्होत्रा, सबा आजाद और सपना पब्बी स्टारर फिल्म बंदर का हाल ही में मेकर्स ने नया पोस्टर रिलीज करते हुए फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान किया है।



## लाइफ Style

# संदीपा

## 'नैना' की कहानी मेरी भी कहानी

एजेंसी ⏭ मुंबई

रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दो दीवाने सहर में' सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म में मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी के अलावा अभिनेत्री संदीपा धर ने दमदार किरदार निभाया है। अभिनेत्री ने रिलीज के दिन सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने दिल की बात बयां की।

अभिनेत्री संदीपा धर ने इंस्टाग्राम पर कुछ बीटीएस तस्वीरें शामिल हैं, जिनमें वे नैना के किरदार में नजर आ रही हैं। साथ ही, उनके साथ मृणाल, सिद्धांत और फिल्म के अन्य कलाकार भी नजर आ रहे हैं। संदीपा ने लिखा, "नैना अब आपकी है। मैं करीब एक साल से इस किरदार के साथ जुड़ी हुई हूं। इसने मुझे उन बातों पर सोचने को मजबूर कर दिया, जिनसे मैं भागना चाहती थी।

उन्होंने लिखा कि अक्सर हम लोग किसी को पसंद आने के लिए अपने आपको बदलने लगते हैं और फिर भी लगता है कि हम अच्छे नहीं हैं। आईने में देखकर सिर्फ अपनी कमियां ही क्यों दिखती हैं? उन्होंने लिखा, नैना की कहानी मेरी कहानी है। शायद आपकी भी। मेरे पास हर सवाल का जवाब नहीं है। मैं भी सीख रही हूं, लेकिन इतना जरूर जानती हूं कि हमें बार-बार उन लोगों को अपनी वैल्यू साबित करने की जरूरत नहीं, हमें कभी समझ ही नहीं पाएंगे। हमें अपनी किस्मत खुद समझनी चाहिए। अभिनेत्री ने पोस्ट के अंत में लिखा,अगर कभी आपको लगे कि आप काफी नहीं हैं, तो ये कहानी आपके लिए है। अगर आपने कभी किसी के लिए खुद को खो दिया, तो ये कहानी आपके लिए है। आइए, हम सब मिलकर खुद को फिर से ढूंढें।

## हॉलीवुड मसाला



# एरिक ने दुनिया को कहा अलविदा

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री से एक बहुत बुरी खबर सामने आई है। यहां इंडस्ट्री के फेमस और दिग्गज एक्टर एरिक डेन का निधन हो गया है। 'ग्रेज एनाटॉमी' और 'यूफोरिया' जैसी हिट सीरीज देने वाले एरिक डेन ने महज 53 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। एरिक डेन के निधन की जानकारी उनके परिवार ने दी है। उनके निधन की खबर से पूरी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। बताया जा रहा है कि एरिक डेन की मौत कथित तौर पर एक खतरनाक बीमारी की वजह से हुई है।



# ऑरलैंडो ब्लूम दिखे खूबसूरत हसीना के साथ

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड स्टार ऑरलैंडो ब्लूम अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। हाल ही में एक्टर को कैलिफोर्निया के सांता क्लारा स्थित लेवीज़ स्टेडियम में एक खूबसूरत हसीना के साथ देखा गया, जहां से उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। सुपर बाउल संडे के मौके पर 49 वर्षीय "लॉर्ड ऑफ द रिंग्स" फेम एक्टर ऑरलैंडो ब्लूम को हसीना संग मैच के बाद स्टेडियम से निकलते हुए देखा गया, जहां दोनों एक-दूसरे का हाथ थामे नजर आए। दोनों की नजदीकियों ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों इवेंट में एक साथ पहुंचे थे, हालांकि स्टेडियम में एंट्री के वक्त लुईसा ऑरलैंडो से एक कदम आगे चल रही थीं। इसके बावजूद, पूरे समय दोनों की बॉन्डिंग और केमिस्ट्री साफ नजर आ रही थी।



# सस्ते बिस्किट की दीवानी करीना

**मुंबई।** करीना कपूर 5 रुपए वाले सस्ते बिस्किट की दीवानी हैं। हर शाम चाय की चुसकी संग वो इसके चटकारे लेती हैं। गौर करने वाली बात ये है कि ये बिस्टिक घर-घर में खाया जाता है। अब उन्होंने इसकी झलक भी दिखाई है। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने शाम के रूटीन की एक ऐसी झलक साझा की, जिसने करोड़ों भारतीयों के दिल को छू लिया। करीना ने इंस्टाग्राम पर अपनी शाम की चाय की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें किसी महंगे विदेशी स्नैक के बजाय भारत का सबसे भरोसेमंद और पुराना साथी 'पारले-जी' बिस्कुट नजर आया। एक कप गरमा-गरम चाय और उसके बगल में रखे दो पारले-जी बिस्कुट की इस तस्वीर ने न केवल पुरानी यादें ताजा कर दीं, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि खुशियां अक्सर छोटी और साधारण चीजों में ही छिपी होती हैं।



# एक्शन मूवी टॉक्सिक का टीजर रिलीज

**मुंबई।** यश की मोस्ट अवेटेड एक्शन ड्रामा मूवी टॉक्सिक का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म की पहली झलक ने फैंस के होश उड़ा दिए थे। वहीं अब टीजर देखकर लोगों की एक्साइटमेंट और भी ज्यादा बढ़ गई है। फिल्म में यश के अलावा तमाम हसीनाएं नजर आएंगी। हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया, कियारा आडवाणी, रुक्मिणी वसंत, नयनतारा जैसी एक्ट्रेस दिखाई देंगी। टीजर की शुरुआत यश के वॉइस ओवर से होती है, जहां वो कहते हैं कि इस बार जंग अलग है, उनकी मक्कारी भी अलग है। इसके बाद टीजर के कई एक्शन सीन देखने को मिले है। टीजर में कई सीन में यश अपने दुश्मनों का बुरा हाल करते हुए दिख रहे हैं। यहां तक कि एक ऐसा सीन भी है जब यश आरी की मशीन से एक शख्स की गर्दन काटते हुए भी दिख रहे हैं। यह सीन दिमाग हिला देने वाला है।

## टीवी मसाला

# दिव्या अग्रवाल की शादी की अफवाहों पर लगा विराम

**मुंबई।** मशहूर अभिनेत्री दिव्या अग्रवाल अक्सर अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं। कई समय से उनकी शादी में दरार और तलाक की खबरें जोरों पर थीं, और यह खबरें भी आई थीं कि दिव्या अपने पति से अलग रह रही हैं और उनके रिश्ते में कड़वाहट आ गई है। दरअसल, रियलिटी शो 'द 50' में कंटेस्टेंट भाव्या सिंह ने दिव्या के वैवाहिक जीवन पर सवाल उठाए थे, जिससे अफवाहें और तेज हो गई थीं, लेकिन इन सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए दिव्या ने अपनी शादी की सालगिरह के मौके पर पति संग एक खास वीडियो शेयर किया। पोस्ट किए गए वीडियो में दोनों एक दूसरे के साथ प्यार भरे अंदाज में नजर आ रहे हैं। दिव्या ने लिखा, मैंने आपसे शादी इसलिए की क्योंकि आप ही वो इंसान हैं जो मुझे पूरी तरह समझते हैं। आपने कभी मुझे बदलने की कोशिश नहीं की। आप मुझे अंदर से जानते हैं, जैसे मैं सच में हूं। आगे उन्होंने लिखा, मेरे प्यार को शादी की सालगिरह मुबारक। आने वाले सालों में चाहे जिंदगी कितनी भी पागलपन भरी क्यों न हो, हम हमेशा साथ रहेंगे। यह पोस्ट देखकर फैंस बहुत खुश हो गए। दिव्या की दोस्त और अभिनेत्री गौहर खान ने भी कमेंट करके बधाई दी।





# कल्याणी की लोका 2 को लेकर बड़ा अपडेट

**मुंबई।** साउथ की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'लोका चैप्टर 1' के दूसरे पार्ट को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। इसके बारे में खुद फिल्म की लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने अपडेट दी है। साल 2025 की ब्लॉकबस्टर मलयालम फिल्म 'लोका चैप्टर 1' ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। दर्शकों को ये फिल्म बहुत पसंद आई थी। बॉक्स ऑफिस पर इसकी धुआंधार कमाई ने हर किसी को हैरान कर दिया था। अब इस फिल्म के दूसरे पार्ट को लेकर बड़ी खबर आई है। फिल्म की शूटिंग को लेकर भी अपडेट सामने आया है। इसके बारे में खुद फिल्म की लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने खुलासा किया है। दरअसल हाल ही में हुए एक इवेंट में लोका फिल्म की लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने फिल्म के दूसरे पार्ट को लेकर बात की। उन्होंने कहा, 'फिल्म 'लोका 2' की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। उम्मीद है कि शूटिंग सितंबर से शुरू होगी। मैं फिल्म का हिस्सा हूं। आप फिल्म का इंतजार करें। बता दें कि बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कमाई के साथ लोका चैप्टर 1 ने कई रिकॉर्ड बनाए थे। ये भारत की पहली सुपरवुमन फिल्म भी है। लीड एक्ट्रेस के तौर पर कल्याणी प्रियदर्शन ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। एक्शन और ड्रामा से भरपूर मलयालम फिल्म 'लोका' एक वुमन सुपरहीरो की कहानी है। इसमें चंद्रा नाम की एक लड़की है, जिसमें पास कुछ सुपरपावर होती हैं और वो असहाय लोगों की मदद करती है। इसकी कहानी ने दर्शकों को खूब आकर्षित किया था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की थी। महज 33 करोड़ रुपये के बजट में तैयार इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ग्रास 183.96 करोड़ रुपए कमाए थे।

# कुमार ने दिया सरप्राइज, रैपर के साथ गाया गाना

*मशहूर गायक कुमार सानू ने मनोरंजन जगत में कई यादगार गाने गाए हैं और दर्शकों के दिलों में खास पहचान बनाई है, लेकिन गायक ने इस बार फैंस को सरप्राइज दिया है। उन्होंने रैपर और सिंगर किंग के साथ मिलकर नया गाना 'मजा प्यार करने में' रिलीज किया है। यह गाना किंग के नए एल्बम राजा हिंदुस्तानी का ही हिस्सा है।*

**मुंबई।** यह एल्बम इसलिए भी खास है क्योंकि इसमें किंग और कुमार सानू को साथ में देखा जा रहा है। गाने में कुमार सानू की क्लासिक आवाज और किंग का मॉडर्न रैप स्टाइल मिलकर कमाल का जादू बिखेर रहे हैं। दोनों कलाकार अपने सुरों से खेलते नजर आ रहे हैं।



कुमार सानू और किंग ने गाने को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, "मजा प्यार करने में गाना रिलीज किया जा चुका है। यह मेरे लिए जिंदगी में एक बार मिलने वाला खास पल है। थोड़ा सा प्यार जरूर दिखाएं।" जहां गाने को कुमार सानू और किंग ने अपनी शानदार आवाज से सजाया है, वहीं इसके लिरिक्स भी किंग ने दिए हैं और आदित्य देव ने इसे संगीतबद्ध किया है।

# 7 साल बड़े क्रिकेट होस्ट से शादी करेंगी



***मुंबई।*** *एक्ट्रेस कृतिका कामरा इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। जल्द ही उनके घर शादी की शहनाई बजने वाली है। लंबे समय से फैंस शादी का इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच उनकी शादी की डेट भी फिक्स हो गई है। कृतिका कामरा और गौरव कपूर 11 मार्च को शादी के बंधन में बंधेंगे। दोनों ने बिना किसी शोर शराबे और दिखावे के सिंपल तरीके से शादी करने का फैसला किया है। बताया जा रहा है कि दोनों घर पर ही निजी साइनिंग सेरेमनी में शादी करेंगे, जिसमें केवल घर के लोग ही शामिल होंगे। हालांकि, शादी के बाद दोनों ने रिसेप्शन पार्टी देने का फैसला किया है, जो कि 12 मार्च को होस्ट की जाएगी। इस खास मौके पर कई टीवी और बॉलीवुड के स्टार्स और कई क्रिकेटर्स शामिल होंगे। करीबी सूत्रों की मानें तो दोनों का यह मानना है कि वह बिना दिखावे के ऐसी शादी करें, जिसमें ढेर सारी यादें हों। ऐसे पल जिसे आप जी सकें। वह परंपराओं का सम्मान करते हैं। इसीलिए वह अपने परिवार के साथ सादगी, अपनापन और अपनों की खुशियों के बीच इन खास पलों को शेयर करना चाहते हैं। बता दें, कृतिका कामरी की यह गौरव से पहली शादी है, जबकि गौरव कपूर इससे पहले किरत भट्टल के साथ शादी के बंधन में बंधे थे। दोनों ने साल 2014 में शादी की थी और साल 2021 में दोनों का तलाक हो गया। फिर इसके बाद वे कृतिका के रिलेशन में आए और 2025 में दोनों ने अपने रिश्ते को ऑफिशियल किया।*

## ग्लोबल पॉप स्टार ने किया था 2007 में मुंबई में परफॉर्म

# 19 साल बाद भारत लौट रहीं शकीरा, मुंबई और दिल्ली में करेंगी लाइव कॉन्सर्ट

*करीब दो दशकों के बाद ग्लोबल पॉप स्टार शकीरा एक बार फिर भारत में लाइव परफॉर्म करेंगी। खास बात यह है कि इस बार शकीरा मुंबई और दिल्ली में अपने धमाकेदार कॉन्सर्ट करेंगी। 19 साल बाद भारत में उनकी वापसी को लेकर म्यूजिक लवर्स के बीच जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।*

एजेंसी ⏭ मुंबई

आयोजकों की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक, शकीरा 10 अप्रैल को मुंबई में और 15 अप्रैल को दिल्ली में परफॉर्म करेंगी। यह पहली बार है कि शकीरा का भारत दौरा दो शहरों में आयोजित किया जा रहा है। दोनों ही शहरों में उनके भारी संख्या में फैंस हैं। माना जा रहा है कि ये कॉन्सट्र्स पूरी तरह हाउसफुल रहेंगे। शकीरा की एनर्जी, डांस मूव्स और सुपरहिट गानों का जादू भारतीय दर्शकों के सिर चढ़कर बोलेगा।

### शकीरा का कॅरियर तीन दशकों से ज्यादा लंबा

शकीरा का करियर तीन दशकों से भी ज्यादा लंबा रहा है। उन्होंने 1990 के शुरुआती दौर में अपने म्यूजिक सफर की शुरुआत की थी और धीरे-धीरे वह दुनिया की सबसे लोकप्रिय पॉप सिंगर्स में शामिल हो गईं। 'हिप्स डोंट लाइ', 'व्हेनएवर, वेयरएवर', 'वाका वाका', 'शी वुल्फ' और 'ला टोर्टुरा' जैसे गानों ने उन्हें ग्लोबल पहचान दिलाई। आज भी उनके गाने लगभग सभी देशों में पसंद किए जाते है।

### भारत में शो को लेकर भावुक और उत्साहित

अगर शकीरा के भारत कनेक्शन की बात करें, तो उन्होंने आखिरी बार साल 2007 में मुंबई में परफॉर्म किया था। उस समय वह अपनी 'ओरल फिक्सेशन टूर' के तहत भारत आई थीं। अब लगभग 19 साल बाद फैंस को उनकी लाइव परफॉर्मेंस देखने के लिए मिलेगी। भारत में अपनी वापसी को लेकर शकीरा खुद भी काफी भावुक और उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि भारत में परफॉर्म करना हमेशा उनके लिए खास रहा है। मुंबई और दिल्ली के फैंस से दोबारा जुड़ना एक यादगार अनुभव होगा। इस 'फीडिंग इंडिया कॉन्सर्ट' के जरिए वह बच्चों के पोषण और बेहतर भविष्य का संदेश देना चाहती हैं।



### आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को राशि मुहैया करवाकर आय बढ़ाना उद्देश्य

# सोनीपत में 525 पात्र नागरिकों ने किया ऋण के लिए आवेदन

- आवेदनकर्ताओं को आवेदन व स्थिति की जांच कर मुहैया करवाई जाएगी ऋण की राशि
- ऋण मिलने के बाद रोजगार स्थापित कर अपनी आय में बढ़ोतरी के साथ जीवन में खुशहाली ला सकेंगे पात्र

**मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना**



सोनीपत। गोहाना रोड स्थित अंत्योदय केंद्र में अपने कार्य करवाने के लिए लगी लोगों की भीड़। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना (एमएमएपीयूवाई) योजना के तहत हरियाणा पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक उत्थान वर्ग कल्याण निगम का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को ऋण मुहैया करवाकर उनकी आय बढ़ाना है। इसके लिए गांव स्तर पर लोगों में जागरूकता लाने के लिए ग्राम सचिवों की मदद ली जा रही है। ग्राम सचिव पात्र परिवारों को जागरूक कर उनमें रोजगार स्थापित करने की अलख जगा रहे हैं। अधिकारियों की मानें तो अब तक जिला में 525 पात्र परिवारों ने ऋण के लिए आवेदन किया है, ताकि वह रोजगार स्थापित कर अपनी आय बढ़ाने में साथ जीवन स्तर में सुधार ला सकें।

सोनीपत में 11 दिसंबर को सुभाष स्टेडियम में आयोजित राज्यस्तरीय अंत्योदय उत्थान मेले में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वयं मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना 2.0 की शुरुआत की थी। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को समान अवसर, कौशल विकास, रोजगार, सम्मान व उनके जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए एक विशेष पहल है। जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों स्थायी आजीविका प्रदान करना, उनका गरिमापूर्ण जीवन स्तर सुनिश्चित करना है। योजना के तहत 1.80 लाख रुपये से कम आय वाले परिवारों को 50 हजार रुपये से 1.60 लाख रुपये तक ऋण उपलब्ध करवाना है, ताकि वह इस आर्थिक सहायता से पशुपालन, दूध व्यवसाय, परचून की दुकान जैसे छोटे स्तर पर अपने काम की शुरुआत कर सकें। साथ ही पात्र परिवारों को योजना के तहत सब्सिडी का लाभ भी प्रदान किया जाएगा। इसमें 50 प्रतिशत सब्सिडी तक का भी प्रावधान शामिल है।

**जिले में किस श्रेणी में कितने आए आवेदन**

| | |
|---|---|
| पशुपालन से संबंधित | - 335 |
| हरियाणा महिला विकास निगम से संबंधित | - 58 |
| हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद से संबंधित | - 24 |
| अनुसूचित जाति एवं वित्तीय निगम से संबंधित | - 42 |

**जांच के बाद मुहैया करवाई जाएगी राशि**

सरकार ने मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों की आय बढ़ाने का जिम्मा उठाया है। इसके लिए पात्र परिवार योजना के तहत ऋण प्राप्त कर अपनी आजीविका प्रारंभ कर सकते हैं। लाभार्थियों की सहायता के लिए पोर्टल भी बनाया है, ताकि वह ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकें। योजना से जरूरतमंद परिवारों को ऋण उपलब्ध करवाकर उनकी क्षमता विकसित करना है, ताकि वह स्वयं अपने पैरों पर खड़े हो सकें। आवेदनकर्ताओं के आवेदन की जांच चल रही है, इसके बाद उन्हें ऋण मुहैया करवाया जाएगा।

-ईश्वर राठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, सोनीपत

**सवा दो माह में 525 ने किया आवेदन**

जिला में 2 माह 9 दिन में कुल 525 लोगों ने योजना के तहत ऋण प्राप्त करने के लिए आवेदन किया है। इनके आवेदन व मौके पर स्थिति की जांच के बाद पात्र लोगों को तय राशि बैंकों के माध्यम से मुहैया करवाई जाएगी। उक्त राशि से संबंधित लोग अपना रोजगार शुरू कर सकेंगे। इनमें पशुपालन से लेकर दूध व्यवसाय, राशन की दुकान, महिलाओं के लिए ब्यूटी पार्लर, बुटीक जैसे व्यवसाय शामिल हैं। वहीं कोई भी पात्र व्यक्ति, जिनकी आय 1.80 लाख रुपये से कम है, वह ऋण के लिए ऑनलाइन माध्यम से अपना आवेदन कर सकता है। हालांकि योजना संबंधी कोई लक्ष्य नहीं रखा है। इसके बावजूद गांव-गांव में लोगों में रोजगार के प्रति जागरूकता लाने के लिए ग्राम सचिवों की मदद ली जा रही है।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कवयित्री कमलेश मलिक, नरेश आकाश साथ में अधिवक्तागण। फोटो: हरिभूमि

# प्रेम-शांति के साथ-साथ आत्मरक्षा भी बहुत जरूरी : कमलेश मलिक

- अखिल भारतीय साहित्य परिषद की विचार गोष्ठी और कवितापाठ में आतंकवाद के खिलाफ मुखर स्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अखिल भारतीय साहित्य परिषद द्वारा लगभग एक वर्ष पूर्व कश्मीर में हुई घटनाओं के विरोध में तथा देश से आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने के उद्देश्य से विचार गोष्ठी एवं कवितापाठ कार्यक्रम का आयोजन सोनीपत सचिवालय के समीप न्यू एडवोकेट चैम्बर में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता रामधन शर्मा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध साहित्यकार एवं राष्ट्रीय कवयित्री कमलेश मलिक उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय साहित्य परिषद सोनीपत इकाई के अध्यक्ष एवं कलाश्री अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश आकाश के मार्गदर्शन में किया गया।

अधिवक्ता नरेन्द्र गंगाना ने आतंकवाद के मुद्दे पर कहा कि पहलगांव की घटना ने यह साबित कर दिया कि आतंकवाद को धर्म से अलग नहीं किया जा सकता। उन्होंने इतिहास के संदर्भ में कहा कि देश को बार-बार आक्रमणों का सामना करना पड़ा, लेकिन अब जागरूक और संगठित होने की आवश्यकता है। अधिवक्ता सतेन्द्र दहिया ने आतंकवाद की जड़ में घुसपैठ को प्रमुख कारण बताते हुए व्यापक स्तर पर अभियान चलाने की आवश्यकता पर बल दिया और इस विषय में पीएमओ तथा राष्ट्रपति को पत्र लिखने का प्रस्ताव रखा।

कवयित्री कमलेश मलिक ने अपनी पुस्तक हस्ताक्षर तुम्हारे हैं की रचनाओं पर विचार रखते हुए कहा कि उनकी कविताएं श्रीमद्भागवत से प्रेरित हैं और कर्म तथा फल के दार्शनिक सिद्धांत को रेखांकित करती हैं। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ कड़े शब्दों में अपनी कविता के माध्यम से संदेश दिया कि प्रेम और शांति के साथ-साथ आत्मरक्षा भी आवश्यक है

**जीवन के 35 वर्षों की रचनाएं संकलित**

अध्यक्ष रामधन शर्मा ने अपनी पुस्तक काव्यांजलि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसमें उनके जीवन के 35 वर्षों की रचनाएं संकलित हैं, जो धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक घटनाओं से प्रेरित हैं। उन्होंने बताया कि साहित्य परिषद से जुड़ने के बाद लेखन की प्रवृत्ति और अधिक प्रबल हुई और किसी भी सामाजिक या राष्ट्रीय घटना से प्रेरित होकर वे लेखन करते रहे हैं। उन्होंने पुलवामा और पहलगांव जैसी घटनाओं की कड़े शब्दों में भर्त्सना करते हुए कविता के माध्यम से अपने भाव व्यक्त किए।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में हन्नी राणा, विकास शर्मा, सुखदीप कनकवाल, अरविंद दहिया सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अंत में नरेश आकाश ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

### बाइक चोरी मामले में आरोपित गिरफ्तार

सोनीपत। थाना राई की पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की घटना में संलिप्त एक आरोपित को गिरफ्तार कर चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान किशन निवासी राई जिला सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 8 फरवरी 2026 को मंदीप निवासी मकडोली कलां जिला रोहतक ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी बजाज प्लेटिना 100 मोटरसाइकिल को एचएसआईआईडीसी राई फूड पार्क के गेट नंबर-03 से अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया। इस संबंध में थाना राई में भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया था।

## लंबित मांगों को लेकर 25 को प्रदर्शन करेगा संघ, देगा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भारतीय मजदूर संघ जिला सोनीपत की जिला कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार को भारतीय मजदूर संघ कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला मंत्री रवि कुमार ने की तथा संचालन गोवर्धन दास ने किया। बैठक में भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य उड़ीसा के पुरी में 6, 7 और 8 फरवरी 2026 को संपन्न हुए भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय अधिवेशन में पारित प्रस्तावों पर चर्चा करना था। अधिवेशन में पारित प्रस्तावों को पूर्ण रूप से लागू कराने के लिए केंद्र के आह्वान पर 25 फरवरी 2026 को देशभर के जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया है। जिला सोनीपत कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 25 फरवरी को सुबह 10 बजे जिला मुख्यालय सोनीपत में उपायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा जाएगा।

बैठक में हरियाणा पंचायत कंप्यूटर ऑपरेटर संघ, ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ, भवन निर्माण श्रमिक संघ, पोस्टल विभाग यूनियन, हरियाणा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ सहित अन्य संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

## मुरथल विवि में कर्मचारी यूनियन का धरना जारी, सर्व कर्मचारी संघ ने दिया समर्थन

- प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों की मांगों को लेकर विश्वविद्यालय के कुलपति से मुलाकात की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में गैर शैक्षणिक कर्मचारी यूनियन व शिक्षक संघ ने अपनी लंबित मांगों को लेकर 30 जनवरी से शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को भी एकजुटता के साथ जारी रहा। सर्व कर्मचारी संघ, हरियाणा की जिला इकाई के सदस्यों ने धरना स्थल पर पहुंचकर यूनियन के प्रदर्शन को अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि जब तक कर्मचारियों की सभी मांगें पूरी नहीं हो जाती, तब तक सर्व कर्मचारी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल रोजाना धरने में शामिल होगा। सर्व कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों की मांगों को लेकर विश्वविद्यालय के कुलपति से मुलाकात की। इस मुलाकात का उद्देश्य मुद्दों पर सार्थक चर्चा कर जल्द समाधान खोजना, कर्मचारियों को अपना धरना समाप्त करने की दिशा में प्रेरित करना रहा। यूनियन के प्रधान सुरेश कुमार ने बताया कि बातचीत के दौरान कुलपति ने कर्मचारियों की एक भी मांग पूरी करने से इनकार कर दिया। वहीं प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति से उनके आदेशों को वापस लेने की मांग की।

**खबर संक्षेप**



### जेएलएन स्कूल के 8 विद्यार्थियों ने जीते पदक

गोहाना। जेएलएन स्कूल गोहाना के 8 मेधावी विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय साइंस ओलम्पियाड प्रतियोगिता में सराहनीय प्रदर्शन करते स्वर्ण पदक जीत लिए। यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय साइंस ओलम्पियाड द्वारा आयोजित की गई। गुरुवार को स्कूल के एमडी एडवोकेट सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया। संयोजन उप प्राचार्य सूरत शर्मा का रहा। राष्ट्रीय साइंस ओलम्पियाड में कक्षा तीसरी से लक्ष्य, कक्षा 8वीं से ईशिका, कक्षा 9वीं से अंजली, कक्षा 11वीं से नितिन एवं दीक्षा शर्मा तथा कक्षा 12वीं से अंकुश नय्यर, भूमि और इच्छा ने स्वर्ण पदक हासिल किए। गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस प्राप्त इन विद्यार्थियों को गुरुवार को स्कूल में समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया।

### गोल्ड जीतकर डॉ. जुबिन ने बढ़ाया जिले का मान



सोनीपत। मूलरूप से जिला के गांव भाठी एवं सेक्टर-14 के रहने वाले डॉ. जुबिन नैन ने बिहार के गयाजी स्थित राजकीय अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज से एमएस आर्थोपिडिक्स (हड्डी रोग विज्ञान) में गोल्ड मेडल प्राप्त कर सोनीपत व परिवार का नाम रोशन किया है। डॉ. जुबिन नैन ने नीट पीजी परीक्षा के माध्यम से कॉलेज में प्रवेश पाया था। उनकी इस सफलता से परिवार, रिश्तेदारों व गांव में खुशी का माहौल है। पिता डॉ. जगबीर सिंह नैन ने बताया कि वह दिल्ली सरकार के पशुपालन विभाग से जिला पशुपालन अधिकारी (डीएएचओ) के पद से सेवानिवृत्त हैं। उनकी पत्नी एक गृहिणी है। वह अपने परिवार के साथ फिलहाल सोनीपत के सेक्टर-14 में रह रहे हैं। उनके बेटे डॉ. जुबिन नैन ने सेक्टर-14 स्थित डीएवी स्कूल से कक्षा 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद मेडिकल कॉलेज में प्रवेश अखिल भारतीय सामान्य श्रेणी की सीट पर लिया था। शैक्षणिक सत्र 2022-25 में उनके बेटे डॉ. जुबिन नैन ने एमएस एमएस आर्थोपिडिक्स (हड्डी रोग विज्ञान) की परीक्षा पास कर गोल्ड मेडल हासिल किया है।

### सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध आगे भी जारी रहेगा: इनेलो

सोनीपत। इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी ने शुक्रवार को सोनीपत जिला कार्यालय में विजय दिवस मनाया। बुजुर्गों की 1 लाख से ज्यादा पेंशन रुकने के बाद इनेलो सुप्रीमों अभय चौटाला 20 फरवरी को पंचकूला में प्रदर्शन की सरकार को चेतावनी दी थी उसके बाद सरकार ने बुजुर्गों पेंशन को दोबारा से चालू किया। शुक्रवार को पेंशन बहाली के जीत के बाद जिला पार्टी कार्यालय सोनीपत में हर्षोल्लास के साथ विजय दिवस मनाया गया। जिला अध्यक्ष कुणाल गहलावत ने कहा कि यदि भविष्य में सरकार इसी प्रकार की जनविरोधी नीतियां लाती है तो पार्टी के कार्यकर्ता उसका पुरजोर विरोध करेंगे। इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी के जिला अध्यक्ष कुणाल गहलावत ने सैकड़ो कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा इनेलो पार्टी के कार्यकर्ता ने गांव गांव में जाकर बुजर्गो से मिलकर आंदोलन की सरकार को चेतावनी दी इसके लिए सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। इस मौके पर कुणाल ने कहा इनेलो पार्टी मेयर चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है दर्जनों कार्यकर्ताओं के आवेदन पार्टी कार्यालय में जमा हो चुके हैं। बैठक में खानपुर पूर्व मंडल अध्यक्ष हैप्पी चहल जोली ने भारतीय जनता पार्टी को अलविदा कहकर इनेलो पार्टी में आस्था जताई।

## क्विज स्पर्धा में जीवीएम गर्ल्स कॉलेज की छात्रा खुशी अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नेशनल मैथमेटिक्स-डे के मौके पर आयोजित क्विज स्पर्धा में जीवीएम गर्ल्स कालेज की छात्रा खुशी अव्वल रही। इस उपलब्धि पर संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने खुशी को बधाई दी। संयोजक प्राध्यापिका एवं जीवीएम के गणित विभाग की अध्यक्ष रोहिणी मदान ने बताया कि दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल (डीसीआरयूएसटी) के तत्वावधान में नेशनल मैथमेटिक्स-डे धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान आयोजित क्विज कंपीटिशन में खुशी व तमन्ना तथा पोस्टर कंपीटिशन में पायल और रंगोली कंपीटिशन में मुस्कान व प्रियंका शामिल रही। क्विज कंपीटिशन में जीवीएम की छात्रा खुशी ने प्रथम स्थान हासिल किया, जिन्हें 1100 रुपये के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। शेष छात्राओं को प्रतिभागिता के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। कालेज की छात्राओं को गणित विभाग की फैकल्टी सदस्यों स्मिति अग्रवाल, डा. मीनाक्षी, रेनू, मीतू गांधी, प्रियंका, सपना सरोहा और वंदना ने मार्गदर्शन प्रदान किया। टीचर इंचार्ज की भूमिका सपना सरोहा ने निभाई। कालेज लौटने पर प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह व गणित विभागाध्यक्ष रोहिणी मदान ने खुशी का अभिनंदन किया।

### जेबीएच स्कूल में जीवन शैली विषय पर कार्यशाला का किया आयोजन

खरखौदा। दिल्ली मार्ग पर स्थित जेबीएच स्कूल में विभिन्न आयु वर्ग के छात्रों के लिए जीवन शैली को जीने की कला विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल प्राचार्या सुमन दहिया और अन्य शिक्षकों द्वारा सभी आयु के वर्ग के छात्रों की शारीरिक सुरक्षा के मद्देनजर संवेदनशील अंगों की जानकारी देते हुए उन्हें गुड टच और बैड टच के विषय के बारे में बताया। जूनियर वर्ग के छात्रों से बातचीत के दौरान उन्होंने बच्चों की मानसिक, शारीरिक और व्यावहारिक गतिविधियों से अनुमान लगाया कि वे यथार्थ से दूर काल्पनिक दुनिया में रहने लगे हैं। उन्होंने कहा कि तकनीकी विकास के युग में बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखना असंभव है, परंतु उनके हित के लिए जरूरी है कि पढ़ाई केवल कक्षा के कमरे तक सीमित न रहकर सामान्य जीवन और वातावरण के नजदीक हो। कक्षा में छात्रों को मानसिक और शारीरिक रूप से रचनात्मक एवं क्रियात्मक गतिविधियों में शामिल किया जाए, जिससे वे कल्पना लोक से बाहर निकलें और आत्मविश्वास के साथ व्यक्तित्व का विकास कर खुद को समाज में समायोजित कर सके।

### टीकाराम कन्या कॉलेज की छात्राओं ने किया भ्रमण

सोनीपत। टीकाराम कन्या महाविद्यालय की इकोनॉमिक्स और कॉमर्स एवं साइंस डिपार्टमेंट की लगभग 150 छात्राओं ने इंडस्ट्रियल एरिया राई स्थित एक इंडस्ट्री का भ्रमण किया। प्राचार्य गीता मैडम ने हरी झंडी दिखाकर छात्राओ को इंडस्ट्रियल विजिट के लिए रवाना किया। एचएसआईआईडीसी के एक्सईएन रोबिन भाटला ने दोनों इंडस्ट्री में छात्राओं की विजिट करवाने में मदद की। डॉ. सविता, ममता, सुनीता ने इकनॉमिक्स की छात्राओं के साथ भ्रमण किया। कॉमर्स विभाग की अध्यापिका डॉ. निशा, सुमन, सीमा और साइंस डिपार्टमेंट से अध्यापिका अंजलि एवं मोनिका ने छात्राओ के साथ भ्रमण किया।



### ज्ञान परीक्षा में छात्रा आरती का उत्कृष्ट प्रदर्शन

सोनीपत। सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोनीपत विद्यालय की छात्रा आरती ने जिला स्तर पर आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। परीक्षा भारतीय संस्कृति, भारतीय इतिहास, नैतिक शिक्षा एवं संस्कारों से संबंधित विषयों पर आधारित थी। कक्षा सातवीं छात्रा ने इन सभी विषयों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. अंकुर रोहिल्ला ने छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का विषय है।

### न्याय दिवस पर चलाया जागरूकता अभियान

सोनीपत। विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनीपत द्वारा विभिन्न स्थानों पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। वृद्ध आश्रम, सूरी पेट्रोल पंप गली में पैनल अधिवक्ता अश्वनी कुमार ने वरिष्ठ नागरिकों को वृद्धावस्था पेंशन, पारिवारिक पेंशन, दिव्यांग पेंशन सहित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी। सपेरा बस्ती, मुरथल रोड में पैनल अधिवक्ता प्रतीक ने गरीब परिवारों और बच्चों को बाल संरक्षण योजनाओं, शिक्षा योजनाओं और बाल विवाह निषेध कानून से अवगत कराया। जिला कारागार सोनीपत में पैनल अधिवक्ता अशोक कुमार ने बंदियों को उनके विधिक अधिकारों, निःशुल्क कानूनी सहायता, जमानत और अपील संबंधी प्रावधानों की जानकारी दी।

**प्रतियोगिता** | जगुआर हाउस ने वार्षिक खेल उत्सव में जीता ओवरआल खिताब

# ज्ञान गंगा ग्लोबल में वार्षिक खेल उत्सव 'इनफिनिटी' का हुआ रंगारंग आगाज

हरिभूमि न्यूज:सोनीपत



सोनीपत। पदक विजेता खिलाड़ी स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन, प्राचार्या गीता चोपड़ा व उप प्राचार्या रूना दास के साथ। फोटो : हरिभूमि

ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में वार्षिक खेल उत्सव 'इनफिनिटी-2 ' का आगाज रंगारंग कार्यक्रमों के साथ हुआ। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन, स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा व उप प्राचार्या रूना दास ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर वार्षिक खेल उत्सव 'इनफिनिटी-2' का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में छात्र-छात्राओं ने भव्य मार्च पास्ट किया। इस दौरान खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की शपथ दिलाई गई। समारोह में छात्र-छात्राओं ने गणेश वंदना के साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर शानदार प्रदर्शन किया। जगुआर हाउस ने वार्षिक खेल उत्सव में ओवरआल खिताब जीत कर परचम लहराया। ज्ञान गंगा मांटेसरी एंड मॉडल स्कूल की प्राचार्या मीनाक्षी खुराना ने भी यहां पहुंचकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। वार्षिक खेल उत्सव के दौरान लड़कों की 100 मीटर रेस में तेजस, 200 मीटर रेस में रितेश, 4 गुणा 100 मीटर रिले रेस में प्यूमा हाउस, 100 मीटर रेस में रिया, थ्री लेग रेस में रिया व कृष्टि, 50 मीटर रेस में चिरंतना, म्यूजिकल रेस में प्राची, 50 मीटर रेस में रणविजय, बाधा दौड़ में पार्थ रहे।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर नीरजा, महक व गीता राणा, रितु सिंह, श्वेता, नमिता, ज्योति, मीनू, अर्चना, सुषमा, आहुति, स्वाति, सोनिया मदान, निशा, सीमा रानी, रेखा, पारुल, कावेरी, सरिता, योगिंद्र कुमार, मनीष, खेल इंचार्ज संजीत, पीटीआई राखी सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



### एआई और आधुनिक शिक्षा मॉडल पर चर्चा

सोनीपत। गेटवे कॉलेज में नेपाल से आए विद्यालयों के प्राचार्यों, शिक्षकों और शिक्षा प्रबंधन से जुड़े पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया गया। दौरे का उद्देश्य विद्यालय स्तर पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित शिक्षा प्रणाली को समझना और आधुनिक शिक्षण मॉडल का अध्ययन करना था। प्रतिनिधिमंडल ने इंजीनियरिंग, कंप्यूटर, फार्मेसी और आर्किटेक्चर विभागों की प्रयोगशालाओं, स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल लाइब्रेरी और रिसर्च सुविधाओं का निरीक्षण किया। बीटेक विद्यार्थियों ने रोबोटिक्स और एआई आधारित प्रोजेक्ट्स, बी फार्मेसी विद्यार्थियों ने औषधि निर्माण एवं परीक्षण प्रक्रियाएं तथा बी आर्क विद्यार्थियों ने सस्टेनेबल बिल्डिंग डिजाइनों का प्रदर्शन किया।

## खबर संक्षेप



### बाल भारती स्कूल ने 4 स्वर्ण और 3 रजत पदक जीते

**गोहाना।** महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज कराटे प्रतियोगिता में बाल भारती स्कूल गोहाना की कराटे अकादमी के 4 खिलाडिय़ों ने स्वर्ण और 3 खिलाडिय़ों ने रजत पदक हासिल किए। मदवि द्वारा अपने स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में 17 से 19 फरवरी तक उक्त खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। हरियाणा खेल कराटे संघ के सह सचिव व जिला सोनीपत कराटे संघ के महासचिव अनिल भारद्वाज ने बताया कि प्रतियोगिता में हर्ष, हिमांशु , मयंक, ख़ुशबू ने स्वर्ण पदक और विकास, विशाल और शुभम ने रजत पदक हासिल किए।

### ब्रांच वेलनेस सलाहकार व मैनेजर के लिए 12 शॉर्टलिस्ट

**गोहाना।** शुक्रवार को उपमंडल रोजगार कार्यालय में जॉब फेयर व ड्राइव का आयोजन किया गया। पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी सोनीपत में भर्ती के लिए 51 युवक—युवतियों ने भाग लिया। उपमंडल गोहाना सहायक रोजगार अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि कंपनी द्वारा मौके पर ही ब्रांच वेलनेस सलाहकार व ब्रांच मैनेजर के पद हेतु साक्षात्कार लिए गए और 12 प्रार्थियो को शॉर्टलिस्ट करके आगामी कार्रवाही के लिए चयन किया।

## पेपर को लेकर केंद्रों के बाहर लगी रही अभिभावकों की भीड़

# सीबीएसई : कक्षा 10वीं व 12वीं के छात्रों ने शांतिपूर्ण माहौल में दी परीक्षा

*कक्षा 10वीं की ब्यूटी एंड वेलनेस, मार्केटिंग एंड सेल्स, मल्टी मीडिया, फिजिकल एक्टिविटी, डेटा साइंस विषय पर हुई परीक्षा, 12वीं के विद्यार्थी फिजिक्स विषय की परीक्षा देने केंद्रों पर पहुंचे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

केंद्रीय माध्यमिक विद्यालय शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से शुक्रवार को बोर्ड परीक्षाओं का चौथा दिन रहा। जिला में बनाए गए 33 केंद्रों पर कक्षा 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों ने शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा दी। दोनों कक्षाओं के एक ही समय में पेपर को लेकर परीक्षा केंद्रों के बाहर भीड़ लगी रही। सभी केंद्रों पर विद्यार्थियों ने कड़ी मॉनिटिरिंग व सीसीटीवी की निगरानी में पेपर दिया। पेपर देकर परीक्षा केंद्रों से बाहर आए विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिले नजर आए।

जिला में सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाओं का दौर जारी है। सीबीएसई की ओर से चल रही बोर्ड की परीक्षाओं के चौथे दिन कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों की ब्यूटी एंड वेलनेस, मार्केटिंग एंड सेल्स, मल्टी मीडिया, फिजिकल एक्टिविटी, डेटा साइंस विषय का पेपर दिया। वहीं कक्षा 12वीं की फिजिक्स विषय की परीक्षा रही। सभी केंद्रों पर विद्यार्थियों ने कड़ी मॉनिटिरिंग व सीसीटीवी की निगरानी में पेपर दिया। पेपर देकर परीक्षा केंद्र से बाहर निकले विद्यार्थियों के चेहरे मुस्कुराहट से सराबोर नजर आए। विद्यार्थियों ने बताया कि प्रश्नपत्र उनकी तैयारी के अनुरूप काफी आसान था, जिसे उन्होंने निर्धारित समयावधि में ही पूरा किया। सलेब्स पर आधारित प्रश्न पत्र को हल करने में उन्हें काफी आसानी हुई। धीरे-धीरे उनके मन से परीक्षाओं का डर खत्म हो रहा है।



### आज इंग्लिश, ऑटोमोटिव व फैशन स्टडी विषय पर परीक्षा

सीबीएसई की ओर से जारी शेड्यूल के अनुसार शनिवार को कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों की इंग्लिश कॉम्युनिकेटिव, इंग्लिश लैंग्वेज व लिटरेचर विषय की परीक्षा होगी। वहीं कक्षा 12वीं के विद्यार्थी ऑटोमोटिव व फैशन स्टडी विषय की परीक्षा में शामिल होंगे। दोनों कक्षाओं की परीक्षा की अवधि 3 घंटे ही रहेगी। विद्यार्थियों को सुबह 10:30 बजे प्रारंभ होने वाली परीक्षा से आधा घंटा पहले परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षाओं के अंतर्गत नियमित जांच के बाद ही विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया जाएगा।

### पुलिसकर्मियों को भी किया तैनात

सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर सभी तैयारियां पहले ही पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी के अलावा पुलिसकर्मियों को भी तैनात किया गया है। गेट पर जांच व मॉनिटिरिंग के बाद विद्यार्थियों को केंद्र में प्रवेश दिया गया। सभी केंद्रों पर शुक्रवार को भी विद्यार्थियों ने शांतिपूर्ण माहौल में नकल रहित परीक्षा दी। कहीं भी नकल संबंधी मामला संज्ञान में नहीं आया।

-प्रेम कुमार ओझा, जिला समन्वयक, सीबीएसई, सोनीपत

### खास बातें

- परीक्षा केंद्रों से बाहर आए छात्रों के चेहरे खुशी से खिले नजर आए
- सभी केंद्रों पर विद्यार्थियों ने कड़ी मॉनिटिरिंग व सीसीटीवी की निगरानी में पेपर दिया

### केंद्रों के प्रवेश द्वार पर कड़ी जांच के बाद मिल रहा प्रवेश

सीबीएसई बोर्ड ने अधिकांश परीक्षा केंद्र शहरी क्षेत्र में बनाए हैं। सभी केंद्रों पर ठीक सुबह 10:30 बजे परीक्षा प्रारंभ की गई। केंद्रों पर सुबह 10 बजे से ही अधिकतर विद्यार्थी परीक्षा देने के लिए अपने परिजनों व शिक्षकों के साथ पहुंचने लगे। केंद्र के प्रवेश द्वार पर विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र, आधार कार्ड से मिलान के बाद उन्हें अंदर जाने की अनुमति दी गई। केंद्रों में सीसीटीवी के माध्यम से परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों पर नजर रखी गई। इसके बाद दोपहर 1:30 बजे विद्यार्थी परीक्षा देकर बाहर लौटे, तो उनके चेहरों पर खुशी नजर आई। इस बीच कुछ अभिभावक व शिक्षक केंद्रों के बाहर खड़े होकर विद्यार्थियों के बाहर आने का इंतजार करते रहे।

### इस वर्ष विद्यार्थियों के साथ बढ़ाई गई केंद्रों की संख्या

इस वर्ष कक्षा 10वीं व 12वीं सीबीएसई की परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों की संख्या में 2300 का इजाफा हुआ है। ऐसे में सीबीएसई ने सोनीपत में कक्षा 10वीं व 12वीं के करीब 20800 विद्यार्थियों के लिए 33 परीक्षा केंद्रों बनाए हैं। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए क्षेत्र अनुसार आसपास 3 नए परीक्षा केंद्र भी बनाए गए हैं। परीक्षा को लेकर केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। इन पर सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षाएं संचालित की जा रही हैं। ऐसे में सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में दोनों कक्षाओं की परीक्षा संपन्न हुई।

### सीबीएसई परीक्षा एक नजर में-

- जिले में कुल सीबीएसई विद्यालयों की संख्या - 165
- बोर्ड परीक्षा के लिए बनाए गए केंद्रों की संख्या - 33
- बोर्ड में शामिल होने वाले कुल परीक्षार्थियों की संख्या – 20800
- कक्षा 10वीं के बोर्ड परीक्षार्थियों की संख्या - 11000
- कक्षा 12वीं के बोर्ड परीक्षार्थियों की संख्या – 9800

# विद्यार्थियों को विधायक ने दिखाई विस सत्र कार्यवाही



राई। विधानसभा भ्रमण के बाद विधायक कृष्णा गहलावत स्कूल के छात्रों के साथ।

- विद्यालय के 50 विद्यार्थियों और 10 अध्यापकों के दल ने विधानसभा सत्र को देखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

कुंडली स्थित पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुंडली के विद्यार्थियों ने गुरुवार को विधायक कृष्णा गहलावत की पहल पर विद्यालय के 50 विद्यार्थियों और 10 अध्यापकों के दल ने हरियाणा विधानसभा का भ्रमण कर सदन की कार्यवाही को देखा। विद्यार्थियों ने विधानसभा सत्र के दौरान प्रश्नकाल और शून्यकाल की प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था की कार्यप्रणाली को समझा। भ्रमण के दौरान विधायक कृष्णा गहलावत ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के जागरूक नागरिक बनेंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं को यह जानना जरूरी है कि प्रदेश और क्षेत्र के विकास के लिए कानून किस प्रकार बनाए जाते हैं और जनप्रतिनिधि किस तरह जनता की आवाज सदन तक पहुंचाते हैं। उन्होंने इसे विद्यार्थियों के लिए लोकतंत्र की जीवंत पाठशाला बताया। विशेष विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रस्तुति रही।

### छात्रों के उज्ज्वर भविष्य की कामना की

विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री का हाथ से बनाया गया सुंदर और जीवंत पोर्ट्रेट तैयार कर भेंट किया। बच्चों की कलाकारी और मेहनत की विधायक ने सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विधायक ने कहा कि भविष्य में भी क्षेत्र के विद्यार्थियों को ऐसे शैक्षणिक अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि वे लोकतंत्र की मूल भावना को समझते हुए समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सकें। उन्होंने प्रतिभावान विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

### लोकतांत्रिक मुल्य समझे

विधानसभा सत्र का प्रत्यक्ष अनुभव पाकर विद्यार्थी उत्साहित नजर आए। उन्होंने सदन की कार्यवाही, जनप्रतिनिधियों की भूमिका और लोकतांत्रिक मूल्यों को नजदीक से समझा। विद्यार्थियों ने कहा कि यह अनुभव उनके लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी रहा, जिससे उनमें नागरिक चेतना और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना मजबूत हुई है। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने विधायक कृष्णा गहलावत का आभार व्यक्त किया।



### कराटे में हिंदू गर्ल्स कॉलेज ने जीते 3 पदक

**सोनीपत।** मदवि ने गत 17 एवं 18 फरवरी को कराटे खेल की अंतर महाविद्यालयी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। हिंदू गर्ल्स कॉलेज की तरफ से बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रियंका ने अपनी विभिन्न बाउट में अच्छा प्रदर्शन करते हुए 55 किलो भार वर्ग एवं सुजल ने 68 किलो भार वर्ग में वर्ग में कांस्य पदक जीते। एमए प्रथम वर्ष (भूगोल शास्त्र) की छात्रा मानसी ने भी 68 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक जीता।

## रौनक पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न, ध्येय हाउस बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

रौनक पब्लिक स्कूल में कक्षा 6 से 9 तक के विद्यार्थियों के लिए इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता ध्येय सदन, शौर्य सदन, करम सदन और विवेक सदन के खिलाड़ियों के बीच हुई। प्रारंभिक मुकाबलों में शौर्य सदन ने विवेक सदन को पराजित कर फाइनल की ओर कदम बढ़ाया। दूसरे मुकाबले में ध्येय सदन ने भी विवेक सदन को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इसके बाद फाइनल मैच शौर्य सदन और ध्येय सदन के बीच खेला गया, जिसने प्रतियोगिता को रोमांचक मोड़ पर पहुंचा दिया। फाइनल मुकाबले में ध्येय सदन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। शौर्य सदन की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 71 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ध्येय सदन की टीम ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट से मुकाबला जीत लिया और ट्रॉफी अपने नाम कर ली। प्रतियोगिता में पारिन ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए फाइनल मैच में 26 रन बनाए और कुल दो पारियों में 97 रन बनाकर सर्वाधिक रन बनाने का गौरव हासिल किया। केशव को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज तथा प्रांजल को सर्वश्रेष्ठ फील्डर घोषित किया गया। अंतिम परिणामों में ध्येय हाउस प्रथम, शौर्य हाउस द्वितीय, करम हाउस तृतीय और विवेक हाउस चतुर्थ स्थान पर रहे।



गन्नौर। स्कूल के चारों सदनों के छात्र प्रतियोगिता में भाग लेते हुए।



गोहाना। छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए वक्ता।

## छात्राओं से मानसिक दबाव और परीक्षा तनाव पर संवाद

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में मानसिक स्वास्थ्य एवं समग्र कल्याण विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य वक्ता पानीपत स्थित इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी से परामर्शदाता मानसी ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने गतिविधियों, समूह चर्चाओं और प्रेरक खेलों के माध्यम से छात्राओं को तनाव, चिंता और भावनात्मक चुनौतियों से निपटने के व्यावहारिक उपाय सिखाए। छात्राओं से मानसिक दबाव, परीक्षा तनाव और भविष्य की चिंताओं जैसे विषयों पर खुलकर संवाद किया। उन्होंने सकारात्मक सोच, समय प्रबंधन, आत्म-देखभाल और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने की तकनीकों पर विशेष जोर दिया। विभागाध्यक्ष प्रो. जगदीप सिंगला ने कहा कि छात्राएं चुनौतियों का सामना आत्मविश्वास और उत्साह के साथ करें।

## जरूरतमंद कन्या का विवाह करवाया और गृहस्थी के लिए आवश्यक सामान भी दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। नगर पालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी व कलाम के पदाधिकारी नव दंपति को आशीर्वाद देते हुए।

लायंस क्लब गन्नौर ने रविवार को शिव मंदिर सनातन धर्म सभा प्रांगण में एक जरूरतमंद कन्या का विवाह संपन्न करवाया। सादगीपूर्ण व गरिमामयी माहौल में आयोजित इस सामूहिक सहयोग विवाह समारोह में क्लब के सभी सदस्य मौजूद रहे। विवाह समारोह में अंकुश (वर) और आंचल (वधु) परिणय सूत्र में बंधे। क्लब की ओर से नवदंपती को गृहस्थी के लिए आवश्यक सामान भेंट किया गया। महिला संकीर्तन मंडल ने पुनीत कार्य में सहयोग देते हुए विवाह आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने शिरकत की। उन्होंने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद देते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक आयोजन समाज में सहयोग और संवेदनशीलता की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने लायंस क्लब के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जरूरतमंद परिवारों के लिए यह पहल किसी वरदान से कम नहीं है। लायंस क्लब के प्रधान लायन गौरव त्यागी ने बताया कि क्लब का उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की सहायता करना है। इस अवसर पर लायन विपिन त्यागी, लायन मनीष बंसल, लायन हरविंदर त्यागी और लायन डॉ. राजेश शर्मा सहित क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## गुरु-शिष्यों ने हवन में डाली आहुतियां



**गोहाना।** शहर में गुढ़ा मार्ग स्थित जवाहरलाल नेहरु वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को आशीर्वाद समारोह आयोजित किया गया। समारोह में गुरु और शिष्यों ने हवन में मंत्रोच्चारण के साथ सामूहिक आहुतियां डाली। गुरुजनों ने कक्षा 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मार्गदर्शन विद्यालय की प्रबंधक कृष्णा देवी ने किया। संयुक्त अध्यक्षता विद्यालय के एमडी एडवोकेट सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। संयोजन उप प्राचार्य सूरत शर्मा का रहा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## जैनपुर में प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दिया



सोनीपत। शिविर के दौरान मौजूद किसानों को जानकारी देते हुए वक्ता।

**सोनीपत।** जैनपुर गांव में तीन दिवसीय प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसमें कुल 55 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। यह प्रशिक्षण हरियाणा एग्रीकल्चरल मैनेजमेंट एक्सटेंशन ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (हमेटी) के तत्वावधान में कृषि विज्ञान केंद्र सोनीपत, सीसीएस हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के संयोजक डॉ. परमिंद्र सिंह वरिष्ठ जिला विस्तार विशेषज्ञ (कृषि अर्थशास्त्र) प्रशिक्षण के दौरान किसानों को आज प्राकृतिक खेती के मूल सिद्धांतों, प्राकृतिक फसलों का आर्थिक विश्लेषण, प्राकृतिक फसलों की प्रामाणिकरन विषय की जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर डॉ. सुभाष ने किसानों को जीव अमृत., घनजीवामृत बनाने,मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के उपाय, फसलों में रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के विकल्प तथा लागत कम कर उत्पादन बढ़ाने की तकनीकों की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने प्राकृतिक खेती से पर्यावरण संरक्षण, किसानों की आय में वृद्धि और टिकाऊ कृषि प्रणाली के लाभों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने प्राकृतिक खेती अपनाने और गांव में इसका प्रसार करने का संकल्प लिया।

## वार्ड-15 पार्षद ने सचिव से की शौचालय में यूरिनल पॉट बढ़ाने की मांग

**गन्नौर।** रेलवे रोड स्थित मेन बाजार स्थित शौचालय में यूरिनल पॉट बढ़ाने की वार्ड-15 पार्षद शिवानी जैन व गौरव जैन ने नपा सचिव से की। पार्षद जैन ने बताया कि दुकानदारों की भी लंबे समय से मांग है। पार्षद ने सचिव, नगर पालिका गन्नौर को पत्र सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की है। पार्षद शिवानी जैन ने अपने पत्र में बताया कि रेलवे स्टेशन से लेकर जैन गली तक का क्षेत्र शहर का मुख्य बाजार है, जहां दिनभर भारी आवाजाही रहती है। मेन बाजार स्थित सार्वजनिक शौचालय में वर्तमान में केवल दो ही यूरिनल पॉट लगे हुए हैं, जो बढ़ती भीड़ के हिसाब से पर्याप्त नहीं हैं। उन्होंने बताया कि शहर के साथ-साथ आसपास के गांवों से भी लोग खरीदारी के लिए आते हैं। ऐसे में दो यूरिनल पॉट होने के कारण लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। कई बार कतारें लग जाती हैं। शौचालय के अंदर अतिरिक्त यूरिनल पॉट लगाने के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध है तथा वेंटिलेशन की भी सुविधा मौजूद है। इसलिए 2 से 3 अतिरिक्त यूरिनल पॉट लगाए जाने चाहिए, ताकि बाजार क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर हो सके और लोगों को राहत मिल सके। शिवानी जैन ने कहा कि नगर पालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है।



गन्नौर। यूरिनल पॉट की कमी से इंतजार करते हुए दुकानदार।

## पेयजल व सीवर कनेक्शन वैध कराने को 17 लोगों ने जमा करवाए आवेदन

**सोनीपत।** नगर निगम के अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डों में पेयजल व सीवर कनेक्शन को वैध कराने की प्रक्रिया के अंतर्गत शुक्रवार को 17 लोगों ने अपने आवेदन जमा करवाए।

- नगर निगम ने मुरथल अड्डा के पास व ककरोई रोड पर लगाया शिविर

मुरथल अड्डा के पास बूस्टिंग स्टेशन में 2 आवेदन व ककरोई रोड पर लगाए गए शिविर में 15 लोगों ने अपने आवेदन दिए। दोनों जगह शिविर के माध्यम से कुल 17 लोगों ने अपने दस्तावेज जमा करवाए। शिविर में नगर निगम कर्मचारियों ने लोगों के पेयजल व सीवर कनेक्शन वैध कराने के लिए दस्तावेज की जांच की। निगम अधिकारियों ने बताया कि जिन लोगों के आवेदन जमा हो चुके हैं, जल्द ही उन्हें नगर निगम कार्यालय में फीस जमा करवाने के लिए बुलाया जाएगा। शिविर के माध्यम से लोग 1550 रुपये खर्च कर अपने कनेक्शनों को वैध की श्रेणी में शामिल कर सकते हैं। निगम ने पेयजल कनेक्शन वैध करवाने के लिए 1050 रुपये व सीवर कनेक्शन वैध करवाने के लिए 500 रुपये शुल्क तय किया है।

## कन्या महाविद्यालय में एनएसएस शिविर शुरू



**खरखौदा।** कन्या महाविद्यालय, खरखौदा में सात दिवसीय विशेष राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का उद्घाटन कॉलेज इंचार्ज डॉ. योगिता मलिक के नेतृत्व में किया गया। शिविर का आरंभ पौधारोपण करके किया गया। स्वयं सेविकाएं शिविर स्थल गोपालपुर गांव पहुंचीं। शिविर में स्वयं सेविकाओं के पंजीकरण के बाद दिन की शुरुआत एनएसएस गीत 'वंदे मातरम' से हुई। तत्पश्चात, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम यादव ने छात्राओं को एनएसएस के उद्देश्य, समाज में स्वयं सेविकाओं की भूमिका और लक्ष्य की रूपरेखा से अवगत करवाया। शिविर में गांव के सरपंच विनोद कुमार ने पहुंचकर हर तरह की मदद का आश्वासन दिया और छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। गांव के धार्मिक स्थल के आचार्य ने छात्राओं को मौलिक कर्तव्यों से अवगत कराते हुए पुरानी पीढ़ी व नई पीढ़ी में सामंजस्य की बात कही। प्रथम सत्र में एसोसिएट प्रोफेसर, इकोनॉमिक्स डॉ. योगिता मलिक ने 'डिजिटल लिटरेसी' पर विस्तृत व्याख्यान दिया।

## 24 फरवरी को प्रारंभ होगा होलाष्टक

# मांगलिक कार्यों पर आठ दिन रहेगी रोक

- होलाष्टक के दौरान विवाह, गृह प्रवेश, नामकरण जैसे मांगलिक कार्य करना माना गया है वर्जित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

होली पर्व की नजदीकियां बढ़ने के साथ बाजारों में दुकानें रंग-बिरंगे गुलाल व पिचकारियों से सजने लगी हैं। इस वर्ष 3 मार्च को होलिका दहन होगा, जबकि 4 मार्च को फाग उत्सव मनाया जाएगा। होली से पहले 8 दिनों तक होलाष्टक के कारण शुभ कार्यों पर रोक लग जाती है।

होलाष्टक के दौरान विवाह, गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्य करना वर्जित माना गया है। इस साल 24 फरवरी से होलाष्टक शुरू हो रहे हैं। ज्योतिषाचार्य डॉ. मनमोहन मिश्रा ने बताया कि होलाष्टक के समय मांगलिक कार्य करना वर्जित माना गया है। फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष अष्टमी से लेकर होलिका दहन तक होलाष्टक का समय माना जाता है। होलाष्टक में विभिन्न मांगलिक कार्य करना शुभ नहीं माना जाता, क्योंकि इन दिनों में नकारात्मक ऊर्जा का काफी प्रभाव रहता है। ग्रहों का रूप उग्र होता है, इसलिए होलाष्टक के आठ दिनों को बहुत खास बताया गया है। इसमें 16 संस्कार वर्जित माने गए हैं, जिसमें नामकरण संस्कार, जनेऊ संस्कार, विवाह संस्कार आदि शामिल हैं। मान्यता है कि होलाष्टक के प्रथम दिन ही भगवान महादेव ने कामदेव को भस्म कर दिया था।



उन्होंने बताया कि इस वर्ष 24 फरवरी को सुबह 7.03 बजे होलाष्टक प्रारंभ होगा। 27 फरवरी को आमलकी एकादशी एवं रंगभरी एकादशी मनाई जाएगी। 28 फरवरी को नृसिंह द्वादशी, 1 मार्च को प्रदोष व्रत, 2 मार्च की देर रात भद्रा के खत्म होने के बाद होलिका दहन के पश्चात होलाष्टक का समापन होगा।

### खास बातें

- होलाष्टक प्रारंभ : 24 फरवरी 2026
- होलाष्टक समाप्त : 3 मार्च 2026
- होलिका दहन : 3 मार्च 2026
- होलिका दहन का शुभ समय : शाम 6 :08 से रात 8 :35 बजे तक
- इन दिनों 16 संस्कार (नामकरण, जनेऊ, विवाह आदि) नहीं किए जाते
- मान्यता : प्रथम दिन भगवान महादेव ने कामदेव को भस्म किया था।
- 27 फरवरी : आमलकी एकादशी व रंगभरी एकादशी